दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com



KNLS Live

सम्पर्क करें:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में



वर्ष :- 03 अंक :- 230 मुरादाबाद, 10 December 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



## संक्षिप्त समाचार



### वैष्णव बोले- आंध्र में मंदिर विकास पर 60 करोड़ का निवेश; तेलंगाना में भाग्यलक्ष्मी मंदिर पहुंचे नए विधायक

विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए शानदार रहा। तेलंगाना में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में क्ष्छ्कविधायक चुने गए हैं। क्ष्छ्क प्रमुख हैदराबाद के भाग्यलक्ष्मी मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। केंद्रीय मंत्री वैष्णव पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में मंदिर दर्शन करने गए। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम दौरे पर पहुंचे। वराह लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर के दौरे पर पहुंचे। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद वैष्णव ने कहा, जल्द ही इस मंदिर को लगभग 60 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विकसित किया जाएगा60,000 करोड़ रुपये का निवेश- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी ने बताया कि कई नई परियोजनाओं को आंध्र प्रदेश में एकीकृत किया जाएगा। आने वाले दिनों में रेलवे से राज्य को 60,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम राज्य सरकार के साथ मिलकर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।तेलंगाना में मंदिर दर्शन करने पहुंचे नवनिर्वाचित भाजपा विधायक- आंध्र प्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्य तेलंगाना में प्रदेश भाजपा प्रमुख जी किशन रेड्डी नवनिर्वाचित विधायकों के साथ चारमीनार स्थित भाग्य लक्ष्मी मंदिर पहुंचे। भाजपा विधायकों ने मंदिर का दौरा कर पूजा-अर्चना और प्रार्थना की।आंध्र प्रदेश को केंद्र से समर्थन मिलता रहेगा- वैष्णव ने कहा, विशाखापत्तनम एक आईटी हब है इसलिए हमें एक ऐसी इमारत बनानी होगी जो आधुनिक हो और शहर की आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश के लिए फंडिंग बहुत अधिक रहेगी। आंध्र प्रदेश के लिए फंडिंग 8,406 करोड़ रुपये है। आंध्र में रेलवे के विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार का आभार भी प्रकट किया। सरकार को हमारा ईमानदार समर्थन मिलता रहेगा।

## करोड़ों परिवारों को सरकारी लाभ मिले; विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के लाभार्थियों से बोले PM मोदी





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के सोहना में इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि करोड़ों परिवारों को उनकी सरकार की योजना से लाभ मिला है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में पीएम मोदी के साथ संवाद किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से भी वर्चुअल बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना से निश्चित रूप से लाभ हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा, जब किसी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। जीवन जीने की नई ताकत आती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम मोदी ने कहा, मेरे लिए इस देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है... हाल ही में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हुए हैं। नतीजे बताते हैं कि लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मेरी गारंटी पर भरोसा दिखाया... कुछ राजनीतिक पार्टियों को यह समझ नहीं आ रहा है कि झूठे वादों से उन्हें कुछ नहीं मिल सकता। प्रधानमंत्री ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि चुनाव सोशल मीडिया पीआर से नहीं जनता के बीच जा कर जीतना होता है। उन्होंने कहा, चुनाव जीतने से पहले जनता का दिल जीतना जरूरी होता है।बता दें कि पीएम मोदी के इस कार्यक्रम से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के सोहना से जुड़े। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत कई अन्य नेता-कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े।

## सामूहिक विवाह समारोह: CM योगी बोले- ये सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन, करा चुके तीन लाख बेटियों की शादी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है। सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो। योजना के तहत अब तक हो चुके हैं तीन लाख बेटियों के हाथ पीले- आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर मिलना भी शुरू हो चुका है। उन्होंने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड देने की योजनाओं को उन्हें गरीबी से उबारने के साथ महिला सशक्तिकरण के अभियान का हिस्सा बताया।

### 25 हजार रुपये होगी कन्या सुमंगला योजना की राशि

सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपये का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चों के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

### सीएम से लेकर विधायक तक, आनंद का अद्भुत क्षण

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं।

### 10 नवयुगलों को प्रमाण पत्र व उपहार भी किया भेंट

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद,बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान और गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

## सहारनपुर में बड़ा हादसा, खनन के ट्रक ने बस स्टैंड पर खड़े यात्रियों को कुचला, दो छात्रों सहित तीन की मौत



सहारनपुर। नांगल थाना क्षेत्र के मुजफ्फरनगर सहारनपुर स्टेट हाईवे पर एक खनन से भरे ट्रक ने बस स्टैंड पर खड़े यात्रियों को कुचल दिया। घटना शनिवार की सुबह नौ बजे की है। बस के इंतजार में खड़े यात्रियों पर ट्रक चालक ने ट्रक चढ़ा दिया। जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं। लोगों ने घटना के बाद मौके पर आए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को घेर लिया। यहां साल भर हादसे होने के बाद भी प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाता है। ओवरब्रिज बनवाने की लोगों ने मांग की है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया हैं। चालक को भी हिरासत में ले लिया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। इस दौरान हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। खनन का ट्रक जा रहा था मुजफ्फरनगर- शनिवार करीब नौ बजे खनन से भरा एक ट्रक सहारनपुर की तरफ से मुजफ्फरनगर जा रहा था। जब वह ट्रक नांगल थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर पहुंचा तो वहां पर 10 से 12 यात्री बस के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान ट्रक चालक अपना संतुलन खो बैठा और उसने यात्रियों पर ट्रक चढ़ा दिया। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड पर स्कूली बच्चे भी खड़े थे। इस हादसे में तीन के मरने की सूचना है। जिनकी पहचान की जा रही है। वहीं पांच के घायल होने की सूचना मिल रही है। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।मौके पर नागल और देवबंद थाने की फोर्स मौजूद है। वहीं नागल के व्यापारी घटना स्थल पर एकत्रित हो गए और उन्होंने एसडीएम का घेराव कर लिया। व्यापारियों की मांग है कि यहां पर साल भर में करीब 50 से 60 लोग मरते हैं और यहां पर ओवरब्रिज बनवाया जाए। ताकि इस तरह के हादसे न हो। दसे में मृतकों के नाम- नोमान पुत्र नौशाद निवासी पांडोली रोड नागल लक्की पुत्र जितेंद्र निवासी जैनपुर उपरोक्त दोनों की मौत हो चुकी हैं और दोनों 12वीं क्लास में पढ़ते हैं। घायलों के नाम- मोंटी पुत्र विनोद निवासी जैनपुर गुलबहार पुत्र गय्युर निवासी सलेमपुर सुमित पुत्र ऋषिपाल, निवासी मनोहरपुर

## क्रिकेट जगत में फैली शोक की लहर, दो खिलाड़ियों का हुआ निधन; कार दुर्घटना में Clyde Butts की गई जान



सोलोमन ने वेस्टइंडीज के लिए 1958 और 1965 के बीच 27 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 1326 रन बनाए। उन्होंने 26 साल की उम्र में अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। वहीं कार एक्सीडेंट में पूर्व स्पिनर क्लाइड बट्स ने 66 वर्ष में दुनिया को अलविदा कह दिया। वेस्टइंडीज क्रिकेट जगत के लिए शनिवार दुख भरी खबर लेकर आया। वेस्टइंडीज के 2 क्रिकेटर्स का निधन हो गया। पूर्व स्पिनर क्लाइड बट्स ने 66 वर्ष में और बल्लेबाज जो सोलोमन ने 93 वर्ष में दुनिया को अलविदा कह दिया। इन क्रिकेटर्स के निधन के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट में शोक की लहर दौड़ गई। बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।कार एक्सीडेंट में हुई मौत- वेस्टइंडीज के पूर्व ऑफ स्पिनर क्लाइड बट्स की मौत एक कार एक्सीडेंट में हुई। उन्होंने अपना आखिरी अतंरराष्ट्रीय मैच भारतीय टीम के खिलाफ खेला था। क्लाइड बट्स 1980 के दशक वेस्टइंडीज टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे। बट्स ने 1985 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और 1988 में भारत के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेला था। क्लाइड बट्स ने वेस्टइंडीज के लिए कुल 7 टेस्ट मैच खेले और 10 विकेट अपने काम किए। इस दौरान उन्होंने 108 रन भी बनाए। जो सोलोमन का भी हुआ निधन- वहीं, वेस्टइंडीज और गयाना के पूर्व बल्लेबाज जो सोलोमन का शनिवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। जो सोलोमन के निधन पर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने शोक जताया है। जो सोलोमन को इतिहास का पहला टेस्ट मैच टाई करने के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। गौरतलब हो कि जो सोलोमन ने वेस्टइंडीज के लिए 1958 और 1965 के बीच 27 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 1326 रन बनाए। उन्होंने 26 साल की उम्र में अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अपनी पहली तीन प्रथम श्रेणी पारियों में शतक लगाए, जिसमें जमैका के खिलाफ नाबाद 114 रन, बारबेडोज के खिलाफ 108 और पाकिस्तान के वेस्टइंडीज टूर पर अभ्यास मैच में 121 रन शामिल थे। इसके बाद वह भारतीय दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुने गए थे। चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने दिल्ली में नाबाद 100 रन बनाए और इस सीरीज में 117 की औसत से रन बनाए। टेस्ट इतिहास का पहला टेस्ट मैच करवाया था टाई- 1960 में जो सोलोमन को टेस्ट इतिहास का पहला टेस्ट मैच टाई कराने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा में खेले गए टेस्ट मैच में यह कमाल हुआ था। ऑस्ट्रेलिया को आठ गेंद में छह रन चाहिए थे और तीन विकेट बाकी थे। ऑस्ट्रेलिया के रिची बेनॉड और वॉली ग्रॉट जल्दी आउट हो गए।पहला टेस्ट मैच टाई करवाने का है रिकॉर्ड- अब ऑस्ट्रेलिया को दो गेंद में एक रन चाहिए था और एक विकेट बाकी था। ऑस्ट्रेलिया के लिंडसे क्लाइन आखिरी बल्लेबाज बचे थे और सिंगल लेना चाहते थे, लेकिन सोलोमन के डायरेक्ट थ्रो ने पूरी कहानी बदल दी। डायरेक्ट थ्रो से इयन मेकीफ रन आउट करार दिए गए और यह पहला टाई टेस्ट मैच बन गया। कैप विकेट गिरने पर दिया गया था हिटविकेट- इसके अलावा इस टेस्ट में उन्होंने कुछ अहम रन भी बनाए, लेकिन सोलोमन की बल्लेबाजी इस दौरे पर एक विवादित हिटविकेट के लिए जानी जाती है। दूसरे टेस्ट में उनकी कैप गिरकर स्टंप्स पर जा लगी थी और उन्हें हिटविकेट करार दिया गया था।

## संपादकीय Editorial

# Why expensive dinner plate

Of course, the growth rate of our economy in the second quarter has been more than 7.5 percent. V. Anantha Nageswaran, Chief Economic Advisor to the Government of India, estimates that the Indian economy will grow at 6.5 percent in the financial year 2023-24 (till March 31). If we look at the average growth rate of four years, it is close to 4.5 percent. Individual claims regarding growth rate will continue to be made, but the food of the common man in the country is still expensive and this inflation is likely to increase. Flour has become expensive by 16 percent, rice by about 15 percent, sugar by about 11 percent and tur dal by more than 16 percent. Whatever be the wholesale prices of these items, there is arbitrariness going on in the retail market. Prices are being increased continuously. These are the findings of the latest report of the country's economy monitoring agency 'Centre for Monitoring Indian Economy' (CMIE) and some government agencies.

Even during the coming three months, the prices of these food grains may increase by 14.55 percent. During the last 6 months, the prices of flour, pulses, rice and sugar have increased by an average of 14 percent. The advocates of power have been arguing that more than 81 crore poor people of the country are provided free 5 kg food grains per month under the 'Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana', hence the common man can be rest assured about the food grains. In such a situation, the common man can spend his income on some other goods and services. Government advocates have made these arguments in the context of lifting 135 million Indians out of poverty. The issue of poverty is controversial even today, because those who make such assessments are responsible people of the intellectual and social class, who even today consider 23.5 crore Indians below the 'poverty line' because they are unable to even earn Rs 375 per day. Are. However, this issue can be analyzed some other time, but there is a deep relationship between poverty and persistent food inflation. This question has been asked again and again that despite the development of the economy, why does a common plate of food keep becoming expensive? At present, the basic reasons for high prices are considered to be weak monsoon, farmers shifting to other crops and production being affected due to extreme heat. Are we still dependent on weather-dependent agriculture? Why has the growth rate of agriculture dropped to a little more than 1 percent? Even during the Corona period, the growth rate of agriculture was more than 3 percent. In order to control prices, the Central Government has taken out wheat from its reserves throughout the year and sold it in the open market. As a result, only 2.39 crore tonnes of wheat is left in storage. This is less than last year's 3.77 crore tonnes. That means wheat in government stores has reduced by about 37 percent. It has also been assessed that the Indian government may import 10 lakh tonnes of wheat from Russia, in the first phase. India ranks second in the world in the production of wheat and rice. Still the issue of wheat shortage is questionable. Not only wheat, production of rice, pulses, sugarcane etc. has also been less as compared to previous years. Is India moving towards a possible food crisis? According to CMIE report, sugar prices will increase due to shifting of 3.32 crore tonnes from sugarcane crop to ethanol this time. The effect of expensive prices has not been seen on any election.

# Neighbor: Pakistan on the threshold of elections needs young leaders

There is a debate in Pakistan that after 70 years, the time has come for the youth to come forward and replace the older generation, because they have failed to find solutions to the challenges of the country where the problems of the huge youth population are worse than them. are different from those that their ancestors faced. At present, both India and Pakistan are in election mode and the situation is going to remain the same in the coming months. While I was thinking of writing on this topic, a question came to my mind and I burst out laughing, why are most of the leaders illiterate and is there any possibility of change in this situation? People all over the world are fed up with such politicians. Although most western politicians are educated, and our youth leaders are also educated. Surprisingly, the Taliban inside Afghanistan, whose generations have been fighting America for decades, have been educated in America and their accent is still American. But the aspect of the leaders of India and Pakistan to which I would like to draw your attention is their age. I first started paying attention to Indian politicians when I was writing for Outlook India, whose editor was Vinod Mehta. It was then that I realized that compared to Pakistan, Indian politicians were much older. Most of the Indian leaders of that time were only seventy or eighty years old. I also met some of the most outstanding politicians among them. I had no complaints against those elderly leaders. But as two new countries after partition, which were starting new politics with new institutions, the politicians in Pakistan were relatively young. Pakistan inherited most of the symbols of democracy like Parliament from India. Anyway, Pakistan had very few democratic institutions. There is a debate in Pakistan that after 70 years, the time has come for the younger generation to replace the older generation, because they have failed to find solutions to the challenges of the country, where the problems of the huge youth population are different from them. Which their ancestors had faced. The first voice in this context was raised by Pakistan Peoples Party Chairman Bilawal Bhutto Zardari, who in an election rally urged Imran Khan, his father Asif Ali Zardari, Nawaz Sharif, Maulana Fazlur Rehman and other elderly leaders to leave the leadership and let the younger generation lead. Asked to give a chance. Bilawal's comments not only caused an uproar inside and outside the PPP, his father Asif Ali Zardari was not only angry but also appeared hurt that his son had angered senior politicians with his statements. But Zardari's reaction was more political as the election season has begun and there is a possibility of adjustment of party alliances and seats. Zardari forgot that while being the Foreign Minister in the previous government, Bilawal had stood up from his seat on an issue and told the Speaker that now the time has come that the old politicians should step back and he and the Pakistan Muslim League (PML) Leaders like N)'s youth leader Maryam Nawaz should be allowed to lead the party. At that time Zardari was sitting next to Bilawal, listening and remaining silent. There was no table thumping from the PPP MPs sitting in the lower house. As the saying goes – 'The night is gone, the talk is gone' and soon Bilawal's comment was forgotten. But this time Zardari strongly protested and said in a TV interview, 'Bilawal is still a child. He is not fully trained in politics and it will take time for him to get up to speed. We are training him. But Zardari also said that Bilawal is more talented and educated and speaks better than me, but 'experience is experience'. As soon as Zardari spoke publicly against his son, who had spent a long time as a respected and highly capable and popular foreign minister, suddenly political fireworks started and Zardari's remarks made headlines across the country. Zardari's statement went viral on social media. Suddenly the news came from Bilawal House in Karachi that Bilawal has suddenly gone to live in the house in Dubai. In fact, the Dubai home is a huge palace that was gifted to Bilawal's mother Benazir Bhutto by the Sheikhs of the United Arab Emirates (UAE) when she moved to Dubai during her many years of self-imposed exile. Even after his death, the UAE leadership did not ask the family to vacate the house and it is used by the Zardari family for personal and party purposes. Soon after Zardari's interview, Bilawal changed his picture in his DP on social media X (formerly Twitter). He posted a very old picture of himself, when he was very young. In the picture, he is sitting on the sofa and looking at his mother Benazir Bhutto, who is bending down and smiling at him. An analyst who knows both Zardari and Bilawal better said that through this the message that Bilawal has given to his father is that 'I am the son of Benazir Bhutto.' The very next day Zardari also reached Dubai from Pakistan and many questions were raised about what happened between father and son. Seeing the huge media interest, Zardari's elder daughter Bakhtawar Bhutto immediately posted a family photo on social media, in which Bilawal and Zardari are standing together. But Zardari's younger daughter Asifa Bhutto is not in that picture, who is very much like her brother. She is very close and looks completely like Benazir Bhutto. No reason was given by the PPP as to why she was missing from the family photo. But apart from the father-son disagreement, I think Bilawal is completely right in demanding that the new generation of young politicians should step forward and take over the leadership from the old politicians. Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) Chairman Imran Khan claims that he is the leader of the youth of Pakistan. But he forgets that he is more than 70 years old. Obviously PTI also needs to look for a young leader.

# Perspective: The market of Teej-festivals and weddings also strengthens the country's economy.

The huge expenditure on Indian weddings and festivals leads to market development, which also strengthens the country's economy. According to the Indian Sanatan culture, to perform various spiritual, religious and worldly rites in sacred marriages, various types of grand events are organized by involving distinguished citizens of the society, relatives and family members. Various programs are organized in these events and nowadays the country's economy seems to be getting a boost due to the huge expenditure being made on such auspicious occasions. According to the Confederation of All India Traders, more than 38 lakh weddings are going to be organized in the country during the next four months from last November. It is expected that an amount of Rs 4.75 lakh crore will be spent in these four months, whereas in the same period last year, an amount of Rs 3.75 lakh crore was spent on 35 lakh marriages. According to the estimates of expenditure on various items in various wedding programs, an amount of more than Rs 1 lakh crore is going to be spent on purchasing new clothes and new jewelery this year. Apart from this, an amount of more than Rs 60 thousand crore is going to be spent on entertaining the guests and the same amount is also going to be spent on the programs related to the wedding ceremony. No country in the world spends such a huge amount during the wedding season. Today, the tradition of living in relationship without marriage has become prevalent. Due to such customs, the youth of developed countries are not having children and after some time they end their relationships with each other in the form of 'divorce'. Even if a couple has a child in the meantime, it has to live only with the mother under the custom of 'single parent'. Due to these reasons, the number of elderly people is increasing in many countries of the world today, which has a direct impact on the economies of these countries. Overall, it is the values of Sanatan culture which are keeping the family system alive in India even today. Otherwise, since the practice of joint family is negligible in developed countries, the government of these countries has to take care of the elderly under the 'social benefit' scheme, the expenditure on which has become so high that the budget system of these countries is It has come under immense pressure. On the contrary, in India various festivals are also celebrated with great enthusiasm. Due to this, a business worth Rs 3.75 lakh crore has been done in the country during the festive season of Diwali and Dhanteras this year. Business worth Rs 15,000 crore was completed on the day of Karva Chauth alone. During the festive season in the country last October, 23 lakh vehicles were sold. Four lakh four-wheelers and 19 lakh two-wheelers have been sold. There is a possibility of huge sales of vehicles in the coming wedding season also. Due to these reasons, poverty and unemployment are also decreasing rapidly in India. Today the number of high net worth citizens in India is increasing rapidly. Therefore, the practice of going abroad and performing wedding rituals along with all the guests has increased a lot in India. For this reason, our Prime Minister had to appeal to the citizens of the country not to go abroad and complete the wedding rituals, because by this, the country gets the benefit of the expenditure on wedding rituals, whereas in India itself there is a sufficient amount of money spent on wedding rituals. Tourist places are available where marriage ceremonies can be easily conducted as per the rituals. With this, the Indian economy will benefit from the expenditure on marriage and the country's money will also remain in the country. Today, due to the observance of the values of Sanatan culture by the Indian citizens, the Indian economy seems to be getting benefits and various international financial institutions are continuously increasing the rate of development of the Indian economy. Recently, the International Monetary Union has increased the estimate of GDP growth rate in India for the year 2024 to 6.3 percent. There is a possibility of huge sales of vehicles in the coming wedding season also. Due to these reasons, poverty and unemployment are also decreasing rapidly in India. Today the number of high net worth citizens in India is increasing rapidly. Therefore, the practice of going abroad and performing wedding rituals along with all the guests has increased a lot in India. For this reason, our Prime Minister had to appeal to the citizens of the country not to go abroad and complete the wedding rituals, because by this, the country gets the benefit of the expenditure on wedding rituals, whereas in India itself there is a sufficient amount of money spent on wedding rituals. Tourist places are available where marriage ceremonies can be easily conducted as per the rituals. With this, the Indian economy will benefit from the expenditure on marriage and the country's money will also remain in the country. Today, due to the observance of the values of Sanatan culture by the Indian citizens, the Indian economy seems to be getting benefits and various international financial institutions are continuously increasing the rate of development of the Indian economy. atonal Monetary Union has increased the estimate of GDP growth rate in India for the year 2024 to 6.3 percent.

# बच्चे की दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार दंपति पर तेंदुए ने मारा झपट्टा



मुरादाबाद- बच्चे को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गया पिता, तेंदुए ने पंजा मारकर पिता को किया घायल, तेंदुए की तलाश में मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम दो साल के बच्चे की दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार दंपति पर तेंदुए ने झपट्टा मार दिया। तेंदुए ने कंबल में लिपटे बच्चे को महिला से छिनने का प्रयास किया। इस पर बच्चे का पिता तेंदुए से भिड़ गया। तेंदुए ने पंजा मारकर पिता को घायल कर दिया। इस दौरान राहगीरों की भीड़ ने तेंदुए को पत्थर आदि फेंक कर शोर मचाते हुए भगा दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवनगर पत्थर खेड़ा निवासी सतपाल सिंह अपनी पत्नी आरती देवी व दो वर्षीय बेटे शिवम को बीती रात करीब साढ़े आठ बजे फसियापूरा पदार्थ में डॉक्टर से दवा दिलाकर घर जा रहा था। किशनपुर-फसियापुरा पदार्थ के बीच सड़क किनारे देवी स्थान के निकट झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने सतपाल की बाइक पर हमला कर दिया। इससे बाइक सड़क पर गिर गई। तेंदुए ने आरती की गोद से कंबल में लिपटे शिवम को छीनने का प्रयास किया। बेटे को बचाने के लिए सतपाल तेंदुए से भिड़ गया। दंपति ने शोर मचा दिया। जिसे सुनकर उधर से गुजर रहे राहगीर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शोर मचाते पत्थर फेंक कर तेंदुए को खदेड़ दिया। इस दौरान तेंदुए ने सतपाल के पैर में पंजा मारकर घायल कर दिया। घायल सतपाल ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराया। ग्रीमणों का कहना है कि करीब एक सप्ताह से लगातार तेंदुआ दिखाई दे रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है। सूचना मिलने पर वन विभाग के दरोगा पीयूष जोशी, मदन सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर तेंदुए की तलाश की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला।

# रेलवे की अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में परिचालन विभाग की टीम ने दर्ज की जीत



मुरादाबाद- सेमीफाइनल मैच में परिचालन विभाग की टीम ने वाणिज्य को नौ विकेट से हराया, सीनियर डीसीएम चेतन तनेजा को स्मृति चिह्न देते खेल सचिव राजेंद्र शर्मा व अन्य रेलवे क्रीड़ागन पर आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल वाणिज्य और परिचालन विभाग की टीमों के बीच खेला गया।

मैच में परिचालन विभाग की टीम ने जीत दर्ज की। परिचालन विभाग की टीम का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) सुधीर सिंह ने की। परिचालन टीम के कप्तान के रूप में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सामान्य) चेतन तनेजा ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। कोचिंग टीम के खिलाड़ियों ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 154 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेतन तनेजा के नेतृत्व वाली परिचालन विभाग की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 18.1 ओवर में ही 156 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुधीर सिंह की टीम के अजय ने 53, महेंद्र ने 48 और महेश मीना ने 44 रन बनाए, जबकि परिचालन विभाग की टीम के कप्तान चेतन ने 20 रन बनाए। इसी टीम के सुफियान खान ने 30 और नाजिम अली ने 40 रनों का योगदान दिया। रेलवे टीम के सचिव राजेंद्र शर्मा ने बताया कि रोमांचक मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

# मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध शस्त्र, जुआ-सट्टा के विरुद्ध अभियान चला करें कार्रवाई: एसएसपी



मुरादाबाद। कांग्रेस के महानगर कार्यालय चौमुखा पुल पर शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मनाया। सभी ने उनके दीर्घायु की कामना की। इस दौरान कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष अनुराग शर्मा, मोहम्मद शमी, श्याम बाबू बाल्मिकी, सीमा सहगल, जगजीत सिंह, प्रमोद कौशिक, जाबिर हुसैन, मोहम्मद अतीक, मो. रफी, जाकिर पहलवान, फैज़ान, अनुराग आर्य, अब्दुल रऊफ, रईस अंसारी, राजबहादुर सैनी आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हेमराज मीना ने शुक्रवार देर रात सीओ एवम थानाध्यक्ष के साथ बैठक कर उन्हें मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री, अवैध शस्त्र, जुआ-सट्टा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं। लंबित विवेचनाओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने व लंबित प्रकरणों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सुपरविजन अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों से अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा की। उनके निस्तारण के लिए लापरवाही न बरतने की हिदायत भी दी है। एसएसपी ने गुमशुदा व्यक्तियों और बालक, बालिका की तलाश व बरामदगी करने को कहा है। निर्देश दिए हैं कि प्राप्त साक्ष्य के आधार पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। इसी तरह एसएसपी ने महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि महिलाओं से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को कतई अनदेखा न करें, उनके निस्तारण में विशेष गंभीरता दिखाएं। एसएसपी ने सीओ व थानाध्यक्षों से कहा कि लंबित गंभीर मामलों के साथ-साथ चिटफंड कंपनी से संबंधित शिकायतों एवं आईटी एक्ट प्रकरणों की अपने स्तर पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार पुलिस टीम बनाकर कार्रवाई की जानी चाहिए। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को बेहतर बेसिक व विजिबल पुलिसिंग हेतु आवश्यक निर्देश देकर कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत जनता से संपर्क कर ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर क्राइम, एटीएम फ्रॉड व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम संचालित करें।थाना प्रभारी अधीनस्थों पर नियंत्रण रखें एवं आगंतुकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार रखें। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण हो। बैठक में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीना व सभी सर्किल के पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

### दोनों पक्षों की बात समझ कर ही जमीनी विवादों का करें निस्तारण

एसएसपी ने सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि जमीनी विवादों के मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनें, इसके बाद ही सही व गलत का निर्णय लेकर न्याय पूर्वक कार्रवाई करें। एसएसपी ने थानावार लंबित अपराध, शिकायत, सम्मन, वारंट आदि के विरुद्ध पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की।

### एसएसपी ने दी सलाह सूचना तंत्र को करें विकसित

एसएसपी हेमराज मीना ने अपराध समीक्षा बैठक में सर्किल एवं थाना अधिकारियों को सलाह दी है कि आगामी त्यौहार और आम चुनाव की दृष्टि से पुलिस सूचना तंत्र को और अधिक विकसित करें। शहर, कस्बा, देहात क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से निरंतर संपर्क बनाए रखें, उनका सम्मान भी करें। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। रात्रि गश्त एवं पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी तरीके से बनाया जाए। थाना क्षेत्र के बदमाशों पर सतत निगाह रखते हुए उनकी सक्रियता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें।

### वीआईपी मूवमेंट के पहले सुरक्षा पर बढ़ते विशेष सावधानी

एसएसपी ने सीओ और थानाध्यक्षों से कहा है कि वीआईपी मूवमेंट के पहले थाना, चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत रहती है। न्यायालय से जारी सम्मन-वारंट की तामीली एवं न्यायिक कार्यों को पूर्ण जवाबदेही के साथ समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। थानों पर लंबित माल के आवश्यक निराकरण करने व क्षेत्र के सामाजिक संस्थानों, व्यापारियों एवं नागरिकों से संपर्क कर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने को कहा है।

# कांग्रेसियों ने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का मनाया जन्मदिन




मुरादाबाद। कांग्रेस के महानगर कार्यालय चौमुखा पुल पर शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मनाया। सभी ने उनके दीर्घायु की कामना की। इस दौरान कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष अनुराग शर्मा, मोहम्मद शमी, श्याम बाबू बाल्मिकी, सीमा सहगल, जगजीत सिंह, प्रमोद कौशिक, जाबिर हुसैन, मोहम्मद अतीक, मो. रफी, जाकिर पहलवान, फैज़ान, अनुराग , अब्दुल रऊफ, रईस ,राजबहादुर सैनी आदि मौजूद रहे।

# रैली निकालकर नेत्रदान महादान के प्रति किया जागरूक




मुरादाबाद- रोटरी क्लब मुरादाबाद, मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एमआईटी परिसर से ब्लाइंड वॉक रैली निकाली गई। परिसर से मुख्य सड़क तक निकली रैली में शामिल लोगों ने नेत्र दान महा दान का संकल्प लेकर दूसरों को जागरूक किया। क्लब के अध्यक्ष शरमिताभ व सचिव राजीव सक्सेना ने बताया कि ब्लाइंड वॉक का उद्देश्य दृष्टि बाधितों की दुर्दशा के बारे मे जागरूकता फैलाना और नेत्रदान का महत्व बताकर दृष्टिदूत तैयार करना है। रोटरी इंटरनेशनल व रोटरी क्लब मुरादाबाद जिले में सभी रोटरी सदस्यों के साथ मिलकर नेत्रदान मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। रैली में राजेश खन्ना, अनुभा गुप्ता, वीना सिन्हा, सौरभ चौधरी, एमआईटी के निदेशक डा. रोहित गर्ग, चेयरमैन अनिल अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, मनुज अग्रवाल, गुरविंदर सिंह, मीनू यादव आदि शामिल हुए।

# ओपीडी में चिकित्सकों का इंतजार कर लौटे मरीज और परिवार के लोग



मुरादाबाद- सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का दावा बेमतलब साबित हो रहा है। लगता है कि जिला अस्पताल के चिकित्सक ही सरकार की मंशा को पलीता लगाने में जुटे हैं। यह सच है कि चिकित्सक दो बजे तक ओपीडी में नहीं रुकते हैं। चार दिन पहले सीडीओ के निरीक्षण में चिकित्सकों की ड्यूटी सतर्कता की पोल खुल गयी थी। ओपीडी की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था है। निगरानी के लिए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में एलईडी में लगाई गई है लेकिन, चिकित्सकों की मनमानी सब पर भारी है। शुक्रवार को मजबूर होकर मरीज और उनके साथ आए कई परिवार के लोग बिना उपचार के घर लौटे। शुक्रवार को बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष में चिकित्सक नहीं मिले। जूनियर चिकित्सक ने बच्चों का उपचार किया। कई माताएं गोद में बच्चों को लेकर डाक्टर के आने का इंतजार कर रही थीं। लेकिन 1=30 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं आए। फिजिशियन कक्ष में मरीजों की कतार थी। यहां भी जूनियर चिकित्सक उपचार कर रहे थे। नियमानुसार यहां तीन वरिष्ठ चिकित्सकों की ड्यूटी रहती है। इजेक्शन कक्ष में प्रभारी गायब थे। उनकी कुर्सी पर दूसरा स्वास्थ्यकर्मी बैठा मिला। पूछने पर बताया कि प्रभारी नहीं हैं। ईएनटी कक्ष में चिकित्सक की कुर्सी खाली मिली। अन्य स्टाफ मोबाइल में व्यस्त थे। चर्म रोग विभाग में चिकित्सक की कुर्सी खाली थी, वहां मौजूद मरीजों ने दो बजे तक इंतजार किया। उपचार कराने आई सीमा, हैदर अली, निर्मला, शबनम ने बताया कि उनको खुजली जैसी समस्या है। चर्म रोग ओपीडी के बाहर इन लोगों ने दो बजे तक चिकित्सक का इंतजार किया। लेकिन, चिकित्सक नहीं आए। बाद में मरीज मायूस होकर घर लौट गए।

### पैथालॉजी लैब दो बजे से पहले हो गई खाली

इमरजेंसी कक्ष में पैथालॉजी लैब संचालित है। दो बजे से पहले पैथालॉजिस्ट की कुर्सी खाली हो गई। लैब टेक्निशियन नदारद थे। पंजीयन करने वाला भी कोई नहीं था। उसकी भी कुर्सी खाली थी। मरीजों और तीमारदारों की भीड़ थी। इसके अलावा फिजियोथेरेपी विभाग के कक्ष में दो बजे से पहले ही ताला लगा दिया गया।

### बलगम की जांच के लिए दो घंटे तक प्रतीक्षा

टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल में बलगम की जांच के लिए काउंटर पर लैब टेक्निशियन की तैनाती की गयी है। बताया गयश कि लैब टेक्निशियन घंटों से गायब है। इस वजह से मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। जांच कराने पहुंची रेखा, पुनीत, अहमद ने बताया कि डॉक्टर ने बलगम की जांच के लिए पर्ची पर लिख दिया लेकिन, यहां कोई नहीं है। कोई अन्य स्टाफ बता भी नही रहा है कि यह कब तक आएंगे? एवियन एन्फ्लूएंजा वायरस= 12 बेड का वार्ड तैयार- चीन में तेजी से फैल रहे एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस एच-1 एच- 2 को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। चिकित्साधीक्षक डॉ.राजेंद्र कुमार ने बताया कि इसके लिए बच्चा वार्ड में 12 बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। जनपद में इस वायरस का कोई मरीज नहीं मिला है। ठंड में बच्चों के परिजनों को एवियन एन्फ्लूएंजा से बचाव के सुझाव दिए जा रहे हैं। इसको लेकर 24 नवंबर को अपर निदेशक डॉ.दिनेश कुमार की देखरेख में ऑक्सीजन प्लांट की मॉकड्रिल हुई थी। इसमें उसकी गुणवत्ता और क्रियाशीलता परखी गई। 97 फीसदी शुद्धता पाई गई है। इस बीमारी में सर्दी, खांसी, जुकाम, निमोनिया, और सांस फूलने की समस्या होती है। ऐसी संभावना है कि यह रोग दो साल के बच्चों से लेकर 21 साल के युवाओं को प्रभावित कर सकता है। अस्पताल में इससे संबंधित सभी उपचार के संसाधन और दवा उपलब्ध है। दो बाल रोग विशेषज्ञों मे से एक इमरजेंसी कक्ष में थे। एक कोर्ट में गए थे। फिजिशियन तीन हैं, इनमें एक की ड्यूटी थी। वह इमरजेंसी में गए थे। चर्म रोग विभाग के चिकित्सक डायलिसिस में गए थे। एक मरीज को इंफेक्शन हो गया था। लैब टेक्निशियन को बताकर कही जाना चाहिए था। फिजियोथेरेपी विभाग में ताला दो बजे के पहले लगा है। इसके बारे में संबंधित से पूछताछ की जाएगी।- डॉ.राजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल शासन के निर्देश के अनुसार ही ओपीडी संचालित की जानी है। दो बजे के पहले चिकित्सक ओपीडी से चले गए। फिजियोथेरेपी विभाग में दो बजे के पहले ताला लग जाने पर सीएमएस से स्पष्टीकरण लिया जाएगा। दोबारा अस्पताल की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, इसका निर्देश दिया जाएगा।- मानवेंद्र सिंह, जिलाधिकारी

# BSP से निलंबित दानिश अली ने तोड़ी चुप्पी, बोले- लूट के खिलाफ उठाई आवाज; ये जुर्म है तो मैं सजा को तैयार



मुरादाबाद- बसपा से निलंबित करने के बाद सांसद दानिश ने कहा कि यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने अपनी पूरी मेहनत और लगन से बसपा को मजबूत करने का प्रयास किया है। कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध लगातार किया और करते रहेंगे। बहुजन समाज पार्टी से निलंबन पर अमरोहा सांसद दानिश अली ने कहा कि यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। वह कभी भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नहीं रहे। इसकी गवाह अमरोहा की जनता है। उन्होंने लगातार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया है। अगर ऐसा करना अपराध है तो यह उन्होंने किया है। वह इसकी सजा भुगतने को तैयार हैं। सांसद दानिश ने एक्स पर लिखा कि वह बसपा प्रमुख मायावती का हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। पार्टी प्रमुख ने ही उन्हें टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मदद की। इसके अलावा बसपा संसदीय दल का नेता भी बनाया। मुझे सदैव असीम स्नेह और समर्थन मिलता रहा। शनिवार को पार्टी की तरफ से लिया गया फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने अपनी पूरी मेहनत और लगन से बसपा को मजबूत करने का प्रयास किया है। कभी भी किसी प्रकार का पार्टी विरोधी काम नहीं किया है। आगे लिखा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध लगातार किया और करते रहेंगे। चंद पूंजीपतियों द्वारा जनता कि संपत्तियों की लूट के खिलाफ आवाज उठाई है। यही सच्ची जनसेवा है। यदि ऐसा करना जुर्म है तो मैंने यह किया है, मैं इसकी सजा भुगतने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि अमरोहा की जनता को वह आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी सेवा में हमेशा हाजिर हैं

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# लोकसभा के वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा का निधन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-डीडी दूरदर्शन. लोकसभा के वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा का निधन. एटा. जनपद एटा के मूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार दूरदर्शन डीडी. लोकसभा के वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा का गत दिवस हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया. निधन उनके पैतृक ग्राम ग्राम गाजीपुर में घर पर हुआ. रवि शर्मा प्रारंभ से ही पत्रकारिता क्षेत्र में उतरे थे जिन्होंने अयोध्या कांड में. बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय कवरेज करते हुए टांग में गोली खाई थी. और उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति महा महम शंकर दयाल



शर्मा द्वारा. सम्मानित किया गया था. और उसके बाद उन्हें सरकारी नौकरी दी गई जहां लंबे समय तक वह टीडी लोकसभा में. कार्यरत रहे. विगत कुछ वर्षों में सेवानिवृत होने के उपरांत. वे अपने पैतृक गांव गाजीपुर में निवास कर रहे थे. जहां गत रात्रि उनका हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया. उनके निधन की सूचना मिलते ही मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई और अनेक पत्रकार उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे. उनके शव को मुखाग्नि उनके छोटे भाई किशोर भट्ट ने दी. रवि शर्मा पत्रकार परिवार से ही संबंध रखते थे उनके बाबा अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय जगरूप शर्मा थे तथा वर्तमान में क्यों ना लिखूं सच अखबार के से संपादक निशकांत शर्मा के भतीजे थे. उनके निधन पर तमाम मीडिया जगत के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है.रवि शर्मा के पिता ? प्रकाश शर्मा दूर दर्शन में इंजीनियर पद पर रहे ? प्रकाश शर्मा के कार्य काल मे एटा के तीन टावरों का निर्माण हुआ

## डिप्टी जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी प्रमोशन पाकर वने जेलर



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- एटा में डिप्टी जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी प्रमोशन पाकर वने जेलर, अपनी कुशल कार्यशैली को लेकर रहते है चर्चा में, जेल अधीक्षक अमित चौधरी सहित सैकड़ों लोगों और जेल कर्मियों ने उन्हें दी बधाई, जिला कारागार के प्रभारी अधीक्षक प्रदीप कश्यप और चिकित्साधिकारी उत्सव जैन ने वर्दी पर स्टार लगाकर उन्हे दी बधाई, 1999 बैच में डिप्टी जेलर के पद पर उनका हुआ था चयन, जुलाई 2021 में एटा जिला कारागार में डिप्टी जेलर के पद पर ट्रांसफर होकर आए श्री प्रियदर्शी ने ले किया था ज्वॉइन, जिला कारागार एटा में बंदियों के सुधार हेतु कराये गये कार्यक्रमों में उन्होंने निभाई थी मुख्य भूमिका।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कोतवाली में दरोगा के पिस्टल से चली गोली, महिला हुई गंभीर घायल, आरोपी मौके से फरार

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ कोतवाली में दरोगा की पिस्टल से गोली चल गई। गोली महिला को लगी है, जिससे वह गंभीर घायल हो गई है। महिला को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है, जहां पर चिकित्सक उपचार में लगे हैं। दरोगा मौके से फरार हो गया है। पुलिस दरोगा की तलाश में जुट गई है।अलीगढ़ कोतवाली नगर के सीसीटीएनएस कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात दरोगा मनोज शर्मा की पिस्टल से अचानक गोली चल गई। वहां पर पासपोर्ट की रिपोर्ट लगवाने आई महिला को गोली लगी। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गयाय। एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी महिला के उपचार के बारे में की जानकारी करने के लिए मेडिकल पहुंचे। आरोपी दरोगा मौके से फरार हो गया है। पुलिस टीम फरार दरोगा की तलाश में जुट गई है। दरोगा निलंबित- लापरवाह दरोगा मनोज शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराए जाने के आदेश दिए हैं। उपनिरीक्षक मनोज शर्मा उम्र 50 वर्ष ( चौकी इंचार्ज भुजपुरा ) ने तीन माह पहले 13 अगस्त को अलीगढ़ में जनपद आगरा से आमद कराई थी। थाना कोतवाली नगर के सीसीटीएनएस कार्यालय में पर दरोगा की पिस्टल से अज्ञात कारण से गोली चली है। गोली पास खड़ी महिला को लगी, जिससे वह घायल हो गई। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने आदि वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। *- कलानिधि नैथानी, एसएसपी, अलीगढ़

## मऊरानीपुर विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किया गया भूमि पूजन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- झाँसी के मऊरानीपुर नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत,प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का भूमि पूजन कार्यक्रम जिला नगरीय विकाश अभिकरण झाँसी के द्वारा नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर के गोपाल गंज वार्ड नं 1 में किया गया। जहाँ पात्रता में आए नाम वंशीधर आर्य,शीला, साधना, के आवास पर भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आयुष श्रीवास व अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार ने




